प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 07.07.2025

- **शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर दर्ज करायी गयी थी।**
- **थाना राजपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 87386/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराध नियन्त्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता रामकिशन पुत्र भजनलाल निवासी पटेल नगर कस्बा व थाना राजपुर, जनपद कानपुर देहात द्वारा फेसबुक पर वित्तीय सहायता समूह के लिंक पर क्लिक करने पर ठग द्वारा सहायता करने के नाम पर कॉल करने, तत्पश्चात अन्य नम्बर से कॉल करके खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए डराकर शिकायतकर्ता से 95000/- रूपये अपने खातों में डलवा लिये जाने की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर दर्ज करायी गई थी। उक्त शिकायत पर साइबर हेल्प डेस्क थाना राजपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के बैंक अकाउंट को फ्रीज कराया गया एवं शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल धनराशि ₹ 87386/- वापस कराया गया। थाना राजपुर पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए शिकायतकर्ता ने थाना राजपुर पुलिस को धन्यवाद दिया।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-
₹ 87386/-

धनराशि वापस कराने वाली टीम-

साइबर हेल्प डेस्क, थाना राजपुर पुलिस